**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Demand for rehabilitation of the slum dewellers in the Thane comming under the new, Elevated Rroad Project of MMRD.

**श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे):** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे के अंतर्गत आने वाले कलवा तथा हिरौली के बीच दो किलोमीटर लंबाई का नया एलिवेटिड रेल मार्ग का भूमि पूजन 10 दिसंबर, 2016 में माननीय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी साहब के द्वारा संपन्न हो चुका है । तीन साल होने के बावजूद भी वह काम धीमी गति से चल रहा है । इसमें खाली दीघा स्टेशन का काम चालू है, लेकिन जो दो किलोमीटर का एलिवेटिड ब्रिज है, उसमें 2100 झुग्गी-झोपड़ी बाधित होती हैं । उनका पुनर्वसन करने का काम एमएमआरडी के माध्यम से होना जरूरी है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि कृपया आप इस अतिमहत्वपूर्ण परियोजना के लिए एमएमआरडी को निर्देशित कर, इन झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे लोगों का पुनर्वासन का काम जल्द से जल्द करें ।